राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने की आमजन से अपील

कोरोना के नये स्ट्रेन से बचाव के लिए पूरी सावधानियां बरतें

जयपुर, 03 मार्च। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने कोरोना के नये स्ट्रेन से बचाव के लिए आमजन से सावधानियां बरतने की अपील की है। उन्होंने कहा कि टीकाकरण करवाने के बाद भी कोरोना से बचाव के निर्धारित उपाय अपनाएं। अनावश्यक यात्रा करने से बचें, मास्क लगाएं रखें तथा दो गज की दूरी और स्वच्छता के नियमों की पूरी पालना करें।

राज्यपाल श्री मिश्र ने बुधवार को जारी अपील में कहा कि केरल, महाराष्ट्र और दूसरे पड़ौसी राज्यों में कोविड के संक्रमण के साथ कोरोना के नए स्ट्रेन के मामले सामने आना चिंताजनक है। उन्होंने कहा कि कोरोना अभी खत्म नहीं हुआ है और पुराने स्ट्रेन के मुकाबले कोरोना का नया स्ट्रेन अधिक खतरनाक है। यह तेजी से फैलता है।

राज्यपाल श्री मिश्र ने कहा कि कोरोना से बचाव ही इसका सबसे बड़ा उपाय है, इसलिए इससे संबंधित किसी भी तरह के लक्षण अनुभव होने पर तुरंत चिकित्सक की सलाह लें।

उन्होंने कहा कि चिकित्सकों के अनुसार कोविड का टीका पूरी तरह से सुरक्षित है। इस संबंध में किसी प्रकार की अफवाहों व भ्रांतियों पर ध्यान नहीं दें।

———